**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

**Answer Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**D—7005**

**PAPER—II**

**Test Booklet No.**

# TRIBAL & REGIONAL LANGUAGE - LITERATURE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# TRIBAL AND REGIONAL LANGUAGES - LITERATURE

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) Multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** Who was the propounder of 'Bongawad' ?

(A) Malinowsky (B) Redcliff Brown

(C) Majumdar (D) Coderington

**2.** Which of the following is needed for the progress of a country or society ?

(A) Change of government

(B) Tightening and improving administration

(C) Working hard

(D) High morality

**3.** Which of the following Tribes of Jharkhand is engaged in making iron implements ?

(A) Oraon (B) Khadia

(C) Lohra (D) Ho

**4.** Who of the following is British diffusionist scholar ?

(A) Fredrich Ratzel (B) Grafton Elliot Smith

(C) Clark Vizler (D) A.L. Kroeber

**5.** What should be the nature of the study of castes today ?

(A) Comparative (B) Classification

(C) One-sided (D) Historical

**6.** What is 'Akhra' in the following ?

(A) Youth dormatory (B) Place of worship

(C) Cultural centre (D) Place of war

**7.** Which of the following is nearer to Ethnology ?

(A) Physical Anthropology (B) Economics

(C) Social Anthropology (D) Psychology

## जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा - साहित्य

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** 'बोंगावाद' के प्रवर्तक कौन थे?

(A) मेलिनोवस्की (B) रेडक्लिफ ब्राउन

(C) मजुमदार (D) कोडरिंगटन

**2.** किसी देश या समाज की प्रगति के लिए निम्नांकित में से किसकी आवश्यकता है?

(A) सरकार बदलना (B) प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त करना

(C) कठिन परिश्रम करना (D) उच्च नैतिकता

**3.** झारखण्ड की निम्नलिखित जनजातियों में कौन लोहे के सामान बनाने में जुड़ी हुई है?

(A) उराँव (B) खड़िया

(C) लोहरा (D) हो

**4.** निम्नलिखित में कौन ब्रिटिश प्रसारवादी विद्वान हैं?

(A) फ्रेडरिच रेटजल (B) ग्राफ्टन इलियट स्मिथ

(C) क्लार्क विजलर (D) ए.एल. क्रोबर

**5.** आज जातियों के अध्ययन का स्वरूप क्या होना चाहिए?

(A) तुलनात्मक (B) वर्गीकरण

(C) एक-पक्षीय (D) ऐतिहासिक

**6.** निम्नांकित में 'अखरा' क्या है?

(A) युवा गृह (B) पूजा-स्थल

(C) सांस्कृतिक केन्द्र (D) युद्ध-स्थल

**7.** जाति-विज्ञान निम्नांकितों में किससे अधिक नजदीक है?

(A) शारीरिक मानवशास्त्र (B) अर्थशास्त्र

(C) सामाजिक मानवशास्त्र (D) मनोविज्ञान

8. Why is ethnological study needed today in the multi-tribal industrial area ?

(A) To keep in touch with the tribes in industrial atmosphere

(B) To know the social evils

(C) To bring improvement in economic condition

(D) To promote them further from the educational point of view

9. Which of the following tribes of Jharkhand has the largest population ?

(A) Oraon (B) Munda

(C) Chik Badaik (D) Santal

10. ***Read the following description carefully and identify the real intension of the writer.***

"It has been propagated about the Sadans that the Nagbanshi kings invited them during the Moghal period to usurp the land of the Adivasis. This concept was specially expressed by S.C. Roy in his famous book 'Mundas and Their Country'. This book was published in 1912.

But the reality is that the entrance of the Sadans in Jharkhand and the history of their intimacy with the Adivasis is very old. Their friendship started in about first century, perhaps in Madhya Bharat. The Mundas gave abode to the Nagbanshi Kings who had defeated the Kushans in the beginning of the first century. This gave an impetus to the growth of their friendship.

Pratap Rai, then, the Nagabanshi king, made chutia his capital in the fourth century and invited many people from other places to settle there. This process went on expanding. Some people came here with military expeditions, many people made this place their shelter.

If this were not the case, the long chain of archaeological remnants since fourth century B.C. would not have been found here. These monuments have been enlisted by the British before 1872. Disregarding these facts S.C. Roy has tried to prove that the Sadans are new immigrants during the Mughal period. This is an illusion.

In fact if the traditions of the Sadans in Jharkhand were not very old, and if they had no affectionate relationship with the Adivasis, the similarities seen among them would have been rare.

So, the reality is that the relationship between the Adivasis and the Sadans is very old and cordial.

(A) The writer has defamed S.C. Roy

(B) The writer has provided the basis for the co-existence of Adivasis and the Sadans

(C) The writer has shown the process of non-tribal immigration in Jharkhand

(D) The facts establish by the writer are not authentic

8. आज जन जाति-बहुल औद्योगिक क्षेत्र में जाति-वैज्ञानिक अध्ययन क्यों आवश्यक है?

(A) औद्योगिक माहौल में जनजातियों के सामंजस्य से अवगत होने के लिए

(B) सामाजिक बुराइयों को जानने के लिए

(C) आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए

(D) शिक्षा के दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने के लिए

9. झारखण्ड की निम्नलिखित जनजातियों में किसकी जनसंख्या सर्वाधिक है?

(A) उराँव

(B) मुण्डा

(C) चिक बड़ाइक

(D) संताल

10. ***निम्नलिखित विवरण को ध्यान से पढ़ते हुए लेखक के आशय की पहचान कीजिए।***

"झारखण्ड के सदानों के विषय में यह प्रचारित किया गया है कि नागवंशी राजाओं ने इन्हें मुगल काल में आदिवासियों की जमीन लूटने के लिए आमंत्रित किया। यह धारणा विशेषत: शरत चन्द्र राय ने 'मुण्डाज ऐंड देयर कंट्री' नामक अपनी प्रसिद्ध पुस्तक में व्यक्त की है। यह पुस्तक 1912 में प्रकाशित हुई थी। पर हकिकत यह है कि झारखण्ड में सदानों का प्रवेश और आदिवासियों से उनकी मित्रता का इतिहास बहुत पुराना है। इनकी मैत्री संभवत: मध्यभारत में प्रथम शताब्दी के आस-पास शुरु हुई थी। कुशानों को पराजित करने वाले नागवंशियों को प्रथम शताब्दी के प्रारम्भ में मुण्डाओं ने अपने राज्य में प्रश्रय दिया। इससे इनकी मैत्री को बढ़ने का अवसर मिला।

चौथी शताब्दी में नागवंशी राजा प्रतापराय ने चुटिया को अपनी राजधानी बनाया और अनेक स्थानों से लोगों को आमंत्रित किया। यह क्रम यदा-कदा विस्तारित होता गया। बहुत सारे लोग सैन्य अभियान के क्रम में यहाँ आकर बसे, तो बहुतों ने इसे शरण-स्थल बनायी।

अगर ऐसा नहीं होता तो यहाँ ई.पू. चौथी शताब्दी से पुरातात्विक अवशेषों का लम्बा सिलसिला नहीं मिलता। इन अवशेषों का विवरण अंग्रेजों ने 1872 से पहले सूचीबद्ध किया था। शरत चन्द्रराय ने इसे तथ्य को विस्मृत कर सदानों को केवल मुगल काल का नवागुंतक सिद्ध करना चाहा है। यह एक भ्रांति है। वास्तव में झारखण्ड में सदानों की परम्परा बहुत पुरानी नहीं होती और आदिवासियों से उनका अनुरागात्मक संबंध नहीं होता, तो दोनों के बीच आज तक मिलनेवाली समानताएँ दुर्लभ होतीं। अत: वास्तविकता यह है कि आदिवासी और सदान दोनों के संबंध झारखण्ड में बहुत पुराने और मैत्रीपूर्ण रहे हैं।

(A) लेखक ने शरत चन्द्र राय को बदनाम किया है।

(B) लेखक ने आदिवासी एवं सदानों की मैत्री का आधार प्रस्तुत किया है।

(C) लेखक ने गैर-आदिवासियों के झारखण्ड निवास की प्रक्रिया दिखायी है।

(D) लेखक के द्वारा प्रस्तुत सामग्री प्रामाणिक नहीं है।

11. Which definition of man in terms of Linguistics is accepted ?

(A) Man is a social being

(B) Man is a being who utilizes tools

(C) Man is a being who uses symbolisation

(D) Man is a wise being

12. Which of the following along with hand is a fundamental basis of human development ?

(A) Literature (B) Language

(C) Culture (D) Science

13. The first unit of language is :

(A) Sentence (B) Form

(C) Sound (D) Meaning

14. What is important between dialect and language ?

(A) Grammar (B) Slang

(C) Linguistics (D) Linguistic-Geography

15. Where do the words exist ?

(A) In Dictionary (B) In Literature

(C) In Sentence (D) In all of them

16. Which among the following is an example of voicing ?

(A) Kak-Kag (B) Megh-Mekh

(C) Vesh-Bhes (D) Banar-Bandar

17. 'Mera garibkhana' and 'Apka daulat khana' are the examples of :

(A) Satire (B) Emotional stress

(C) Humility (D) Environmental change

18. Devanagari is the script of the group belonging to :

(A) Pictographic Script (B) Syllabic Script

(C) Symbolic Script (D) Idiographic Script

**11.** भाषा-विज्ञान के संदर्भ में मनुष्य की कौन-सी परिभाषा मान्य है?

(A) मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।

(B) मनुष्य औजारों का प्रयोग करने वाला प्राणी है।

(C) मनुष्य प्रतीकीकरण करनेवाला प्राणी है।

(D) मनुष्य एक विवेकशील प्राणी है।

**12.** हाथ के अलावा निम्नलिखित में कौन-सा मानव-विकास का मूल आधार है?

(A) साहित्य (B) भाषा

(C) संस्कृति (D) विज्ञान

**13.** भाषा की पहली इकाई है :

(A) वाक्य (B) रूप

(C) ध्वनि (D) अर्थ

**14.** बोली और भाषा के मध्य किसका विशेष महत्व है?

(A) व्याकरण (B) विभाषा

(C) भाषा-विज्ञान (D) भाषा-भूगोल

**15.** शब्दों का अस्तित्व कहाँ रहता है?

(A) शब्द-कोश में (B) साहित्य में

(C) वाक्य में (D) इन सभी में

**16.** निम्नांकित में घोषीकरण का सही उदाहरण कौन-सा है?

(A) काक-काग (B) मेघ-मेख

(C) वेश-भेष (D) बानर-बंदर

**17.** 'मेरा गरीबखाना' और 'आपका दौलतखाना' किस वर्ग के उदाहरण हैं?

(A) व्यंग (B) भावात्मक बल

(C) विनम्रता (D) परिवेश परिवर्तन

**18.** देवनागरी किस वर्ग की लिपि है?

(A) चित्रलिपि (B) वर्णात्मक लिपि

(C) प्रतीकात्मक लिपि (D) भावमूलक लिपि

19. Ta, Tha, Da, Dha, N are the sounds of the group :

(A) Retroflexed
(B) Velar
(C) Velar fricative
(D) Glottal

20. Which group is correct ?

(A) Mundari – Aryan
(B) Kurux – Austric
(C) Khadia – Dravida
(D) Nagpuri – Aryan

21. What is the main theory of Vedant ?

(A) Brahmwad
(B) End of 'Ved'
(C) Mayawad
(D) Leelawad

22. Where has 'Mimansa' originated from ?

(A) Purana
(B) Panchashika
(C) Veda
(D) Adhyatm Ramayan

23. Padm Puran is related to :

(A) Vedic religion
(B) Buddhism
(C) Karamkand
(D) Jainism

24. In which sect 'Bhakti' is described as 'Moksha' ?

(A) Gauriya Vaishnav Sect
(B) Madhwa Sect
(C) Ramanandi Sect
(D) Bhagwat Sect

25. What is meant by Sarveshwar ?

(A) All are God
(B) Only one God exists everywhere
(C) Virtue is God
(D) Universe beyond Dharm-Adharm

26. In which category are the writings of Kutuban placed ?

(A) Krishnashrayi
(B) Ramashrayi
(C) Prem-Moolak
(D) Nirgun Bhakti

27. In which language 'Arunodaya-Sambad-Patra' used to be published ?

(A) Hindi
(B) Asamiya
(C) Oriya
(D) Bengali

**19.** ट, ठ, ड, ढ, ण किस वर्ग की ध्वनियाँ हैं?

(A) मूर्द्धण्य (B) अन्तस्थ
(C) जिह्वामूलीय संघर्षी (D) कंठ्य

**20.** कौनसा समूह सही है?

(A) मुण्डारी — आर्यन (B) कुडुख — आग्नेय
(C) खड़िया — द्रविड (D) नागपुरी — आर्यन

**21.** वेदान्त का मुख्य सिद्धांत क्या है?

(A) ब्रह्मवाद (B) वेद का अंत
(C) मायावाद (D) लीलावाद

**22.** 'मीमांसा' का उद्भव किससे हुआ?

(A) पुराण (B) पंचशिका
(C) वेद (D) अध्यात्म रामायण

**23.** पद्म पुराण का संबंध है :

(A) वैदिक धर्म से (B) बौद्ध धर्म से
(C) कर्मकाण्ड से (D) जैन धर्म से

**24.** किस संप्रदाय में भक्ति को मोक्ष-तुल्य कहा गया है?

(A) गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय (B) मध्व संप्रदाय
(C) रामानंदी संप्रदाय (D) भागवत संप्रदाय

**25.** सर्वेश्वर का अर्थ क्या है?

(A) सभी ईश्वर हैं। (B) सिर्फ एक ईश्वर सर्वत्र रहता है।
(C) शुभ ही ईश्वर है। (D) धर्म-अधर्म से परे का ब्रह्मांड।

**26.** कुतुबन की रचनाएँ किस श्रेणी में की हैं?

(A) कृष्णाश्रयी (B) रामाश्रयी
(C) प्रेम-मूलक (D) निर्गुण भक्ति

**27.** 'अरुणोदय-संवाद-पत्र' किस भाषा में प्रकाशित होता था?

(A) हिन्दी (B) असमिया
(C) उड़िया (D) बंगला

28. What is 'Tar-Saptak' ?

(A) Book of music
(B) Violin
(C) Novel
(D) Collection of poems

29. Which is the modern play of Prasad ?

(A) Kamna
(B) Dhruvaswamini
(C) Mudra-Rakshas
(D) Janmejay Ka Nagyagya

30. Which is the correct historical order of Chhayavadi poets given below ?

(A) Jai Shankar Prasad, Suryakant Tripathi, Nirala, Mahadevi Verma, Sumitra Nandan Pant
(B) Suryakant Tripathi, Nirala, Mahadevi Verma, Sumitra Nandan Pant, Jai Shankar Prasad
(C) Sumitra Nandan Pant, Jai Shankar Prasad, Mahadevi Verma, Suryakant Tripathi, Nirala,
(D) Jai Shankar Prasad, Suryakant Tripathi, Nirala, Sumitra Nandan Pant, Mahadevi Verma

31. "Poetry is a spontaneous outburst of powerful feelings". Who stated this ?

(A) Coleridge
(B) Shelly
(C) Wordsworth
(D) Matthew Arnold

32. What is the natural outcome of feeling ?

(A) Logic
(B) Intelligence
(C) Imagination
(D) Thought

33. What is more important than the subject in literature ?

(A) Attitude of writer
(B) Language
(C) Feeling
(D) Technique

34. What is the main base of dramatic technique ?

(A) Neutrality of the writer
(B) Dialogue
(C) Character
(D) Theme

35. What is one important similarity between song and personal essay ?

(A) Personality of writer
(B) Intensification of feeling
(C) Language
(D) Technique

28. ‘तार-सप्तक’ क्या है?

(A) संगीत-ग्रंथ
(B) वायलिन
(C) उपन्यास
(D) कविता-संग्रह

29. प्रसाद का आधुनिक नाटक कौन-सा है?

(A) कामना
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) मुद्रा-राक्षस
(D) जन्मेजय का नागयज्ञ

30. निम्नलिखित में से छायावाद कवियों का कौन-सा ऐतिहासिक अनुक्रम सही है?

(A) जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद
(C) सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’,
(D) जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा

31. “कविता घनीभूत भावनाओं का सहज उद्रेक है”। यह उक्ति किसकी है?

(A) कोलरिज
(B) शैली
(C) वर्ड्स्वर्थ
(D) मैथ्यू आर्नल्ड

32. भावना की सहज निष्पत्ति क्या है?

(A) तर्क
(B) बुद्धि
(C) कल्पना
(D) विचार

33. साहित्य में विषय की अपेक्षा किसका महत्व अधिक है?

(A) लेखक का दृष्टिकोण
(B) भाषा
(C) भावना
(D) शिल्प (तकनीक)

34. नाटकीय शिल्प की मुख्य आधार क्या है?

(A) लेखक की तटस्थता
(B) संवाद
(C) चरित्र
(D) कथा-वस्तु

35. गीत और व्यक्तिगत निबंध में रचनात्मक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण समानता क्या है?

(A) लेखक का व्यक्तित्व
(B) भावकेन्द्रन
(C) भाषा
(D) शिल्प

**36.** What is the basic motivation for poetic creativity according to Marxism ?

(A) Inferiority complex (B) Class-struggle

(C) Economy (D) Social revolution

**37.** What does art make a man ?

(A) Lazy (B) Utopian

(C) Escapist (D) Active

**38.** Who is the best example of Dhir Lalit character ?

(A) Lord Rama (B) Lord Krishna

(C) Ravana (D) Mahavira

**39.** "Vakyam Rasatmakam Kavyam" - who provided this definition of poetry ?

(A) Acharya Dandi (B) Acharya Bhamaha

(C) Acharya Mammat (D) Acharya Vishwanath

**40.** In which book 'Rasa Sutra' has been propounded ?

(A) Kavya-Prakash (B) Sahitya Darpan

(C) Natya Shastra (D) Ras Tarangini

**41.** Who is the author of 'Sahitya Darpan' ?

(A) Acharya Mammat (B) Pandit Jaganath

(C) Acharya Vishwanath (D) Acharya Bhamah

**42.** Which poetic virtue is desirable in 'Shringar Ras' ?

(A) Oj (B) Prasad

(C) Gambhirya (D) Madhurya

**43.** Who proupounded in theory of 'generalisation' ?

(A) Bhatt Lollat (B) Abhinav Gupt

(C) Shankuk (D) Bhattnayak

**44.** What is the relation of 'Upmeya' and Upman' in Upma Alankar ?

(A) Sadrishya (B) Sambhavya

(C) Abhed (D) Anyonya

**36.** मार्क्सवाद के अनुसार काव्य-सृजन की मूल प्रेरणा क्या है?

(A) हीन ग्रंथि (B) वर्ग-संघर्ष

(C) अर्थ (D) सामाजिक क्रांति

**37.** कला मनुष्य को क्या बनाती है?

(A) काहिल (B) स्वप्नजीवी

(C) पलायनवादी (D) कर्मशील

**38.** धीर-ललित चरित्र का श्रेष्ठ उदाहरण कौन-सा है?

(A) भगवान राम (B) भगवान कृष्ण

(C) रावण (D) महावीर

**39.** 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' - काव्य की यह परिभाषा किसने दी है?

(A) आचार्य दण्डी (B) आचार्य भामह

(C) आचार्य मम्मट (D) आचार्य विश्वनाथ

**40.** 'रस सूत्र' का प्रतिपादन किस ग्रन्थ में हुआ है?

(A) काव्य-प्रकाश (B) साहित्य-दर्पण

(C) नाट्य-शास्त्र (D) रस तरंगिनी

**41.** 'साहित्य-दर्पण' का रचयिता कौन है?

(A) आचार्य मम्मट (B) पंडित जगन्नाथ

(C) आचार्य विश्वनाथ (D) आचार्य भामह

**42.** 'श्रृंगार रस' में कौन-सा काव्य-गुण वांछित है?

(A) ओज (B) प्रसाद

(C) गांभीर्य (D) माधुर्य

**43.** 'साधारणीकरण' के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया?

(A) भट्ट लोल्लट (B) अभिनव गुप्त

(C) शंकुक (D) भट्टनायक

**44.** उपमा अलंकार में 'उपमेय'और 'उपमान का कैसा संबंध होता है?

(A) सादृश्य (B) संभाव्य

(C) अभेद (D) अन्योन्य

**45.** Which 'Arthalankar' is in 'chhavi-grih deepshikha janub arayee".

(A) Roopak (B) Utpreksha

(C) Bhrantiman (D) Sandeh

**46.** Which among the following groups is most matching ?

**Assertion (A) :** Shringara Rasa is called king of Rasa.

**Reason (R) :** Because Bhakti, Love and Vatsalya rasa are included in Shringar Rasa.

(A) Both**(A)** and **(R)** are correct

(B) Both **(A)** and **(R)** are not correct

(C) **(A)** is correct but **(R)** is not

(D) **(A)** is not correct but **(R)**is correct

**47.** What is the direct acquaintance of folk-literature ?

(A) Expression of intellectual mind

(B) Expression of people's mind

(C) Expression of folk-mind

(D) Expression of Transcendental mind

**48.** Which of the following statements regarding folk-literature has been made by Hazariprasad Dwivedi ?

(A) Folk-literature is the ved of folk-life

(B) Folk-literature is the expression of folk-mind

(C) There is an inner story of village life in folk-literatue

(D) Folk-literature is an accumulated treasure of knowledge

**49.** What is the name of the song sung by a mother to make children fall asleep ?

(A) Ritual song (B) Festival song

(C) Lullaby (D) Work song

**50.** In which folk-tales is historicity comparatively more prominent ?

(A) Myth (B) Legend

(C) Fairy tales (D) Story of creation

45. "छवि-गृह दीपशिखा जनुब अराई" में कौन सा अर्थालंकार है?

(A) रूपक (B) उत्प्रेक्षा

(C) भ्रांतिमान (D) संदेह

46. निम्नांकित में किस समूह का मेल सही है?

**स्थापना (A) :** श्रृंगार रस को रसराज कहा गया है।

**कारण (R) :** क्योंकि श्रृंगार रस में भक्ति, प्रेम और वात्सल्य समाहित हैं।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

(C) **(A)** सही है, पर **(R)** नहीं।

(D) **(A)** सही नहीं है, पर **(R)** सही है।

47. लोक साहित्य की सीधी पहचान क्या है?

(A) मुनि-मानस की अभिव्यक्ति

(B) जन-मानस की अभिव्यक्ति

(C) लोक-मानस की अभिव्यक्ति

(D) अतीन्द्रिय मानस की अभिव्यक्ति

48. लोक-साहित्य के संबंध में हजारी प्रसाद द्विवेदी की कौन-सी उक्ति है?

(A) लोक-साहित्य लोक-जीवन का वेद है।

(B) लोक-साहित्य लोक-मानस को अभिव्यक्ति है।

(C) लोक-साहित्य में ग्राम्य जीवन की अन्तर्कथा है।

(D) लोक साहित्य ज्ञानराशि का संचित कोश है।

49. बच्चों को सुलाने के लिए माताएँ जो गीत गाती हैं, उसका क्या नाम है?

(A) संस्कार गीत (B) पर्व-गीत

(C) लोरी (D) श्रम गीत

50. किन लोक-कथाओं में ऐतिहासिकता अपेक्षाकृत अधिक होते है?

(A) मिथ (B) लीजेण्ड

(C) परी-कथा (D) सृष्टि-कथा

**Space For Rough Work**